प्रेस नोट–201/2026
दिनांक 11.04.2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद इटावा/थाना बसरेहर

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त**

दिनांक 11.04.2026 को थाना बसरेहर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त जुनैद को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद इटावा, मुरादाबाद के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना चौबिया जनपद इटावा पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बसरेहर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–जुनैद निवासी नक्कालान वार्ड सं0 12 कस्बा व थाना भोजपुरा जनपद मुरादाबाद।

जनपद पीलीभीत/थाना पूरनपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूट के 05 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 11.04.2026 को थाना पूरनपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम जेठापुर नहर पुलिया के पास से 02 अभियुक्तों 1–दयाराम 2–आजाद को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के

कब्जे/निशादेही से लूट के 05 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पूरनपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–दयाराम निवासी ग्राम सराय नवदिया थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर।

2–आजाद निवासी धनसिंहपुर थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर।

बरामदगी

1–लूट के 05 हजार रूपये नगद।

2–01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

जनपद चित्रकूट/थाना कोतवाली कर्वी

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 किलो 318 ग्राम चांदी की छोटी बड़ी सिल्ली**
- **65 हजार 700 रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 10.04.2026 की रात्रि थाना कोतवाली कर्वी व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 04 अभियुक्तों 1–विजय कुमार 2–बाबरशाह 3–मोहनलाल 4–कामता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 किलो 318 ग्राम चांदी की छोटी बड़ी सिल्ली, 65 हजार 700 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद चांदी की सिल्ली आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त विजय कुमार के विरूद्ध जनपद चित्रकूट, मध्य प्रदेश के विभिन्न थानों पर चोरी, डकैती, हत्या, एनडीपीएस एक्ट आदि के 13 अभियोग, अभियुक्त बाबरशाह के विरूद्ध जनपद चित्रकूट, मध्य प्रदेश के विभिन्न थानों पर चोरी आदि के 07 अभियोग, अभियुक्त मोहनलाल के विरूद्ध जनपद कौशाम्बी, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, म0प्र0 के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त कामता के विरूद्ध जनपद चित्रकूट, फतेहपुर, म0प्र0 के विभिन्न थानों पर चोरी आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–विजय कुमार निवासी विमला विहार कालोनी थाना सिकन्दरा, आगरा मूलपता–कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट।

2–बाबरशाह निवासी मोहल्ला अफगानान मंडावर थाना मन्दावर जनपद बिजनौर।

3–मोहनलाल निवासी धरममुहापुर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी।

4–कामता निवासी रामनगर कस्बा व थाना खागा जनपद फतेहपुर।

बरामदगी

1–चोरी की 07 किलो 318 ग्राम चांदी की छोटी बड़ी सिल्ली।

2–65 हजार 700 रूपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल आदि।

जनपद अमेठी/थाना मुसाफिरखाना

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 02 करोड़ रूपये कीमत की 01 किलो 250 ग्राम अवैध स्मैक**
- **04 हजार 750 रूपये नगद**
- **विभिन्न बैंको 12 क्रेडिट/डेबिट कार्ड**
- **02 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद**

दिनांक 11.04.2026 को थाना मुसाफिरखाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–अजीत 2–सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 02 करोड़ रूपये कीमत की 01 किलो 250 ग्राम अवैध स्मैक, 04 हजार 750 रूपये नगद, विभिन्न बैंको 12 क्रेडिट/डेबिट कार्ड, 02 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–अजीत निवासी ग्राम नावाडीह थाना पथलगड्डा जनपद चतरा, झारखण्ड।

2–सोनू कुमार निवासी ग्राम सजवी जोरी थाना वशिष्ठ नगर जनपद चतरा, झारखण्ड।

बरामदगी

1–लगभग 02 करोड़ रूपये कीमत की 01 किलो 250 ग्राम अवैध स्मैक।

2–04 हजार 750 रूपये नगद।

3–विभिन्न बैंको 12 क्रेडिट/डेबिट कार्ड।

4–02 मोबाइल फोन।

5–घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार।